दिनांक 06.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन , आगरा।

जनपद एटा /थाना सकीट

- **पुलिस कार्यवाही में 594 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए) व एक स्कार्पियों गाडी बरामद।**

दिनांक **05.11.26** की रात्रि में **ANTF** टीम आगरा यूनिट के द्वारा सूचना दी गई कि एक काले रंग की स्कॉर्पियों **N** गाड़ी **UP 85 DC 7786** में कुछ लोग सवार है,जो कासगंज से मथुरा की तरफ हेरोइन लेकर जा रहे हैं। **ANTF** टीम तथा थाना सकीट पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक स्कार्पियों गाडी जिसमें करीब 594 ग्राम हैरोइन बरामद हुई है जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए है, बरामद की गयी। कार सवार दोनों अभियुक्त **1**.अलीम पुत्र सलीम **2.** सोहेल पुत्र अंसार निवासीगण बद्री नगर मथुरा रात्रि का फायदा उठाकर खेतों की तरह भाग गए। इसमें दोनों अभियुक्त को वांछित किया गया है साथ ही गाड़ी मालिक को भी वांछित किया गया है । **ANTF** टीम के द्वारा थाना सकीट पर अभियोग मु0अ0सं0 **169/26** धारा **8/22/25/29/60** स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम बनाम अलीम और सोहेल पंजीकृत किया गया।

बरामदगी

1. 594 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए)
2. स्कार्पियो कार (UP 85 DC 7786)